# सराहनीय कार्य
# इटावा पुलिस

**प्रेस नोट- दिनांक 08.05.2025**

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर असलहा के साथ फोटो पोस्ट करने 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर तथा 01 जिंदा कारतूस 315 बोर किये गये बरामद।

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी भरथना के कुशल नेतृत्व में थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे सोशल मीडिया सेल इटावा द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 24*7 सक्रिय रहकर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी दौरान दिनांक 05.05.2025 को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 01 युवक की तमंचे के साथ वायरल फोटो संज्ञान मे आयी। जिस पर सोशल मीडिया सेल इटावा द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुये प्रभारी निरीक्षक थाना ऊसराहार को अवगत कराया गया। उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना ऊसराहार पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत थी।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं असलहा प्रदर्शन करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे दिनांक 07/08.05.2025 की रात्रि को थाना ऊसराहार पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर अवैध तमंचा के साथ फोटो पोस्ट करने वाला व्यक्ति ऊसराहार से सरसई नावर सड़क की तरफ जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये **अभियुक्त सिन्टू पुत्र सुभाषचन्द्र को रुद्रपुर चौराहा के पास से समय करीब 01.26 बजे रात्रि** को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सिन्टू पुत्र सुभाषचन्द्र निवासी ग्राम आनन्दपुर थाना ऊसराहार जनपद इटावा **उम्र करीब 19 वर्ष**।

**पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं0 43/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट ऊसराहार जनपद इटावा।

**बरामदगीः-**

2. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
3. 01 जिंदा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीम- प्रथम टीमः-** उ0नि0 यशोदा रानी प्रभारी मीडिया सेल, का0 अमन चौधरी, का0 शैलेन्द्र यादव, का0 विशाल चौधरी, का0 राहुल प्रजापति।

**द्वितीय टीमः-** निरी0 श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना ऊसराहार, उ0नि0 सतेन्द्र शुक्ला, का0 पुष्पेन्द्र चौधरी,का0 प्रमोद कुमार।